**शिकागो शहर**
**मानव संबंध आयोग**

**740 उ. सैजविक, सुइट 400, शिकागो, IL 60654**
**फ़ोन 312-744-4111, फ़ैक्स 312-744-1081, TTY 312-744-1088**
**www.cityofchicago.org/humanrelations**
**cchrfilings@cityofchicago.org**

**भेदभाव संबंधी शिकायतों का प्रारूप स्वयं तैयार करना और दर्ज करना**

मानव संबंध आयोग शिकागो शहर की एजेंसी है जो शिकागो के मानवाधिकार अध्यादेश और शिकागो फेयर हाउसिंग अध्यादेश के उल्लंघन में भेदभाव की शिकायतें प्राप्त करती है और उनका निर्णय करती है। हर व्यक्ति अपनी स्वयं की भेदभाव संबंधी शिकायतें तैयार कर सकता है और उन्हें मेल के द्वारा दर्ज कर सकता है।

यह संदेश शहर के भेदभाव विरोधी अध्यादेशों के दायरों और शिकायत दाखिल करने की बुनियादी आवश्यकताओं को बताता है। यद्यपि हमने यथासंभव इस जानकारी को आसान बनाकर पेश करने का प्रयास किया है, क्योंकि हम मानते है कि इसे समझना मुश्किल हो सकता है।

**अगर आपको शिकायत दर्ज करने में सहायता की आवश्यकता है तो:**

- आप आयोग में कॉल कर सकते हैं और किसी आंतरिक स्टाफ कर्मचारी से बात कर सकते हैं जो बुनियादी, सवालों का संक्षिप्त जवाब दे सकता है। यदि आपको अत्यधिक सहायता की आवश्यकता है तो कार्यालय में आना जरूरी है क्योंकि आंतरिक स्टाफ टेलीफ़ोन पर प्रश्नों का विस्तार से जवाब नहीं देता सकता।

- आप आयोग के कार्यालय में आ सकते हैं, जहां एक आंतरिक स्टाफ कर्मचारी शिकायत को तैयार करने और दर्ज करने में सहायता करेगा। आंतरिक स्टाफ कर्मचारी कार्यालय में आने वाले लोगों के साथ अधिक समय व्यतित कर सकते हैं।

- एक अटॉर्नी आपको सलाह दे सकता है या आपका प्रतिनिधित्व कर सकता है। आयोग के पास उन संगठनों की सूची है जो कुछ भेदभाव संबंधी दावों में मुफ़्त कानूनी प्रदान करते हैं। आप अपनी पसंद के अटॉर्नी से भी संपर्क कर सकते हैं।

**निम्न जानकारी संलग्नक "शिकायतें तैयार करने के लिए युक्तियाँ" सामग्री में प्रदान की गई है। अपनी शिकायत तैयार करने और दर्ज करने से पहले इसकी समीक्षा करने के लिए आपको प्रोत्साहित किया जाता है:**

· सामग्री के बारे में सामान्य जानकारी और आवश्यकताएँ – पृष्ठ 2
· सामान्य न्यायिक आवश्यकताएँ – पृष्ठ 3
· शिकागो फेयर हाउसिंग एंड ह्यूमन राइट्स द्वारा निषिद्ध भेदभाव के प्रकार के बारे में नोट्स अध्यादेश– पृष्ठ 3-4
· शिकायत के पाठ को व्यवस्थित करने का तरीका – पृष्ठ 4
· पाठ के बारे में सामान्य निर्देश – पृष्ठ 5
· शिकायत दर्ज करने का तरीका – पृष्ठ 5
· शिकायत का नमूना आवरण पृष्ठ – पृष्ठ 6
· रिक्त शिकायत फ़ॉर्म – अंत में संलग्न है

**यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी आपकी है कि आपकी शिकायत सही हो, पूर्ण हो और समय पर दर्ज की गई हो। आयोग के विनियम, संलग्न सामग्री में विस्तार से वर्णित है, उनकी आवश्यकता अनुसार कुछ निश्चित सामग्रियों को शिकायतों में शामिल किया जाना चाहिए। उन आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल होने पर आयोग आपकी शिकायत को "दोषपूर्ण" मान कर अस्वीकार कर सकता है"।**

मानव संबंध आयोग इसके साथ दर्ज मामलों का अभियोजक नहीं है और ना ही यह शिकायतकर्ता या उत्तरदाता के लिए अभिभाषक, सलाहकार, प्रतिनिधि या वकील है।

## शिकायत तैयार करने के लिए युक्तियां

### *सामान्य जानकारी*

कोई भी व्यक्ति मानव संबंध आयोग के समक्ष करने के लिए अपनी शिकायत दर्ज स्वयं तैयार कर सकता है। फिर भी, आयोग व्यक्तियों को शिकायत का ड्रॉफ़्ट तैयार करने में आपकी मदद करने हेतु आयोग के स्टाफ को अनुमति देने के लिए प्रोत्साहित करता है। आयोग के कर्मचारियों को न्यायित मुद्दों पर चर्चा करने और शिकायतों का ड्रॉफ़्ट तैयार करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। हालांकि, कार्यालय आने से पहले या स्वयं की शिकायत का ड्रॉफ़्ट बनाने की कोशिश करने से पहले, हम सलाह देंगे कि आप पहले आयोग में कॉल कर लें। उस समय, एक जांच पड़ताल करने वाला व्यक्ति यह निर्धारित कर सकता है कि क्या आयोग के पास शिकायत पर अधिकार क्षेत्र है या नहीं। यदि हम आपकी शिकायत नहीं ले पाते हैं तो हम आपको कार्यालय आने से बचा पाएंगे और हम आपको किसी अन्य एजेंसी के बारे में सूचित करेंगे।

आप चाहे तो आयोग के कार्यालय 740 N में आकर आयोग कर्मियों से मिल सकते हैं। सैजविक, 4था तल। (कार्यालय का एक ब्लॉक शिकागो एवेन्यू के दक्षिण में हैं और एक ब्लॉक ऑरलियन्स के पश्चिम में हैं।) किसी भी शिकायत को दर्ज करने में दो घंटों तक का समय लगता है, कुछ विशेष परिस्थितियों में इससे अधिक समय भी लग सकता है। शिकायत दर्ज करने में सहायता के लिए, आयोग का स्टाफ सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक सोमवार से शुक्रवार उपलब्ध है। कृपया शाम 3:00 बजे पहले पहुंच जाए ताकि यह सुनिश्चित हो पाए कि हम शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया 5:00 बजे से पहले पूर्ण कर लें।

### *सामग्रीसंबंधी आवश्यकताएं*

भले ही आप कॉल करें, कार्यालय में आए या अपनी शिकायत स्वयं तैयार करें, *आपकी शिकायत में आवश्यक जानकारी होना अनिवार्य है।* इन जानकारियों में निम्न शामिल हैं:

- आपको आयोग का शिकायत फार्म (संलग्न) या पर्याप्त समकक्ष फ़ॉर्म का उपयोग करना चाहिए;

- आपको कथित अध्यादेश उल्लंघन के संबंध में प्रतिवादी और आयोग को समय और स्थान और तथ्यों का "पर्याप्त रूप से अवगत" करने के लिए पर्याप्त विवरण प्रदान करना चाहिए; विशेष रूप से, इसमें निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए:

    1. आपका नाम, टेलीफ़ोन नंबर और पता;
    2. प्रत्येक व्यक्ति या इकाई के नाम या अन्य पहचानकर्ता जिसे आप प्रतिवादी के रूप में नाम देना चाहते हैं (जैसा कि उन व्यक्तियों से विभेदित है जिनके पास दस्तावेज़ में उठाए गए मामलों के बारे में जानकारी या ज्ञान हो सकते हैं)। शब्द "अन्य पहचानकर्ता" में निम्न लोग शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है, ऐसे शीर्षक या पद का उपयोग करना जो किसी व्यक्ति के नाम की पहचान करती है, जैसे कि "1234 मेन स्ट्रीट का स्वामी" या "ABC कंपनी का अध्यक्ष";

3. प्रत्येक प्रतिवाद के लिए की जाने वाली शिकायत के लिए प्रत्येक नामित या पहचाने गए प्रतिवादी का पता, और प्रत्येक का टेलीफ़ोन नंबर, यदि मालूम हो; और

4. अध्यादेश उल्लंघन करने वाले कथित आचरण, नीति या अभ्यासों का विववरण जो प्रतिवादी और कथित अध्यादेश उल्लंघन से संबंधित आयोग को अवगत कराने के लिए पर्याप्त है, जिसमें (यदि अन्यथा प्रदान नहीं की गई है) इसका समय और स्थान और भेदभाव का आधार शामिल है।

**हालांकि आपने शिकायत ड्रॉफ़्ट तैयार कर लिया है, इसलिए आपकी जिम्मेदारी है कि घटना के बारे में 180 दिनों के भीतर आयोग को उचित और पूर्ण शिकायत दर्ज करें।**

***सामान्य न्यायिक आवश्यकताएँ***

- घटना या वह आचरण जिसके बारे में शिकायत की गई है <u>उसके 180 दिनों के भीतर</u> आयोग पर शिकायत दर्ज की जानी चाहिए।
- शिकायत की घटना <u>शिकागो शहर</u> में हुई होना चाहिए।
- चोट या हानि का इनमें से किसी एक से संबंध होना चाहिए:

  • रोजगार • आवासन • सार्वजनिक आवास स्थान • संबंध • क्रेडिट

- शिकायत में निम्न प्रकार के <u>भेदभाव</u> में से कम से कम एक प्रकार को शामिल करना होगा (नीचे अधिक जानकारी):

| | | |
|---|---|---|
| नस्ल | लिंग (यौन संबंधी) | धर्म |
| रंग | आयु (40 से ऊपर) | वैवाहिक स्थिति |
| वंशावली | विकलांगता | अभिभावकीय स्थिति |
| राष्ट्रीय मूल | लैंगिक झुकाव | आय का स्रोत |
| लिंग पहचान | सैन्य स्थिति | प्रतिशोध (आयोग के साथ शिकायत दर्ज करने के लिए) |
| क्रेडिट इतिहास (केवल रोज़गार) | | आपराधिक इतिहास / रिकार्ड (केवल रोजगार) |

- ऐसे अन्य मुद्दे हो सकते हैं जो आयोग को शिकायत की जांच करने से रोकते हैं।
- **<u>आप</u> यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि शिकायत सटीक, पूर्ण और पर्याप्त है और यह समय पर ढंग से दर्ज की गई है।**

***भेदभाव के प्रकार के बारे में नोट्स:***

*जाति* - अक्सर अफ्रीकी अमेरिकियों और श्वेत व्यक्तियों के साथ व्यवहार की तुलना के मामलों में उपयोग होता है। अन्य प्रकार के मामलों के लिए भी उपयोग हो सकता है।

*रंग* - त्वचा के रंग के आधार भेदभाव को शामिल करता है।

*वंश*- किसी व्यक्ति की परंपरा को संदर्भित करता है, अर्थात्, किसी के माता-पिता या पूर्वजों का देश। अक्सर लैटिनो या लैटिना या एशियाई होने पर उपयोग किया जाता था। अन्य प्रकार के मामलों में भी उपयोग हो सकता है।

*राष्ट्रीय मूल* - उस राष्ट्र को संदर्भित करता है जिसमें से आप आए हैं। उदाहरण के लिए, ऐसी शिकायत हो सकती है जिसमें शिकायतकर्ता मैक्सिकों का निवासी हो और जिसकी शिकायत की जा रही हो वह ग्वाटेमाला का निवासी हो।

*लैंगिगता पहचान* - अर्थात पुरुष या महिला होने के नाते किसी व्यक्ति का वास्तविक या प्रकट रूप, अभिव्यक्ति, पहचान या व्यवहार, चाहे वह जन्म पर व्यक्ति के परंपरागत रूप से मान्य लैंगिगता की पहचान से अलग हो नहीं।

*क्रेडिट इतिहास* - देर से भुगतान और दिवालियापन के बारे में जानकारी सहित, किसी व्यक्ति के पिछले उधार और पुनर्भुगतान के रिकॉर्ड को संदर्भित करता है। यह केवल रोजगार में लागू है और कई छूट के अधीन है।

*लिंग (यौन संबंधी)* - यौन के आधार पर यौन उत्पीड़न और गर्भावस्था के दावे के साथ-साथ भेदभाव भी शामिल है।

*आयु* - केवल 40 या उससे अधिक आयु के लोगों को शामिल करता है। अगर आप घटना के समय 39 वर्ष या उससे कम उम्र के थे, तो यदि आप शिकायत करते हैं, आप उम्र के भेदभाव के दावे को दर्ज नहीं कर सकते।

*अक्षमता* - इसमें शारीरिक और मानसिक विकलांग के साथ-साथ विकलांगता की धारणा और विकलांगता का इतिहास भी शामिल है।

*यौन अभिविन्यास* - इसमें विषमता, समलैंगिकता या उभयलिंगी की वास्तविक या प्रकट स्थिति को शामिल है। *धर्म* -

इसका अर्थ है धार्मिक अनुष्ठान, अभ्यास और विश्वास के सभी पहलु।

*वैवाहिक स्थिति* - एकल, विवाहित, तलाकशुदा, अलग या विधवा होने की कानूनी स्थिति।

*अभिभावकीय स्थिति* - एक या अधिक निर्भर नाबालिग या विकलांग बच्चों के साथ रहने की स्थिति।

*आय का स्रोत* - इसका अर्थ है कि वह कानूनी तरीका जिससे कोई व्यक्ति स्वयं का और उसके आश्रितों की सहायता करता है। इसमें वे दावें शामिल हैं जहां से आपकी आय आती है (मजदूरी या वेतन, सरकारी सहायता)। इसमें अपर्याप्त आय (जो भी स्रोत है) होने के बारे में समस्याओं को शामिल नहीं किया जाता है।

*सैन्य स्थिति* - इसमें सक्रिय ड्यूटी पर होने या संयुक्त राज्य, इलिनोइस राज्य या किसी अन्य राज्य की सशस्त्र बलों की किसी भी शाखा के किसी भी आरक्षित टूकड़ी में होने, या सशस्त्र बलों की किसी भी शाखा के एक पुराने सैनिक होने; या सशस्त्र बलों की किसी भी शाखा से सेवा मुक्ति तथ्य और इस तरह की किसी सेवा मुक्ति के कारण होने वाले भेदभाव शामिल हैं।

*प्रतिशोध* - इसमें केवल वे व्यक्ति शामिल होते है जिन्होंने आयोग में एक पूर्व शिकायत दर्ज की थी या जो आयोग की किसी जांच, कार्यवाही या सुनवाई में गवाही दी, सहायता दी या भाग लिया था। इसमें वे स्थितियां शामिल नहीं होती हैं जिसमें किसी व्यक्ति ने आंतरिक शिकायत (विवादित कंपनी, व्यवसाय या आवास पर) दर्ज की है और उसे लगता है कि शिकायत करने के कारण उससे बदला लिया गया था।

***शिकायत के पाठ को व्यवस्थित करना***

A. प्रत्येक पैराग्राफ़ को एक क्रमांक दें।

B. **पहले पैराग्राफ़** में, अपनी प्रासंगिक विशेषताओं की पहचान करें। उदाहरण के लिए, यदि यह जाति का मामला है, तो अपनी जाति की सूची बनाएं; अगर इसमें विकलांगता शामिल है, तो बताएं कि आपकी विकलांगता क्या है; अगर इसमें अभिभावकीय स्थिति शामिल है, तो अपने बच्चों की संख्या और उम्र की सूची बनाएं; अगर इसमें आय का स्रोत शामिल है, तो वह सूची बनाएं जहां से आपको आय मिलती है।

C. आमतौर पर घटनाओं का कालानुक्रमिक रूप (सबसे पुराने से सबसे हालिया) से वर्णन करना सबसे अच्छा होता है।

D. आयोग की अनुमति के बिना आपकी शिकायत 5 पृष्ठों से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, सुनिश्चित करें कि आपने सभी प्रासंगिक तथ्यों का वर्णन किया है।

E. शिकायत के सबसे अंतिम पैराग्राफ़ के लिए, निम्न भाषा का उपयोग करें:

**उपरोक्त आचरण में शिकागो नगर संहिता के अध्याय [नीचे देखें] के तहत भेदभाव होता है।** [रोजगार या सार्वजनिक आवास मामलों के लिए "2-160" डालें या आवासन मामालों के लिए "5-08" डालें]। इसके बाद, अपने विकल्पों को खुला रखें, कथन: **[और] मैं कानून के तहत उपलब्ध सभी राहत की मांग कर रहा/रही हूं।**

***पाठ के बारे मेंसामान्य निर्देश***

निम्नलिखित निर्देश आपके मार्गदर्शन के लिए हैं। ये कानूनी सलाह नहीं हैं और भेदभाव कानून का वर्णन करने प्रयास नहीं करते या हर परिस्थिति में पर्याप्त शिकायत बनाने का प्रयास नहीं करते हैं आप किसी अटॉर्नी से परामर्श ले सकते हैं, लेकिन आपको ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है।

A. समय – आपके मामले में शामिल होने वाली घटनाओं पर चर्चा करते समय, प्रत्येक घटना की तारीख, महीना, दिन और वर्ष की चर्चा भी शामिल होती है। अगर आप किसी विशिष्ट तारीख के बारे में अनिश्चित हैं, "____________ पर या इसके लगभग" कहकर अनुमानित तारिख नोट करें।

B. शामिल लोग – आपके मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति के बारे चर्चा करते हुए प्रत्येक व्यक्ति नाम का सटीक रूप से बताएं और प्रत्येक व्यक्ति का पद या भूमिका का वर्णन करें (जैसे: पर्यवेक्षक; वित्त का उपाध्यक्ष; मकान मालिक, सह-कार्यकर्ता, बारटेंडर, भवन प्रबंधक, मालिक आदि)।

C. शामिल चोट – घटनाओं या आचरण का वर्णन करें जो आपको लगता हैकि भेदभाव के कारण हुई हैं। यह "चोट" है और इसमें ऐसे कार्य शामिल हैं जैसे: रोजगार से सेवामुक्ति, एक अपार्टमेंट के किराये के अस्वीकरण; यौन उत्पीड़न; सार्वजनिक आवास तक पहुंच का अस्वीकरण; किसी अपार्टमेंट से बेदख़ली, सुविधाओं या सेवाओं पर पहुंच का अस्वीकरण आदि।

D. भेदभाव के पीछे के तथ्य – विशिष्ट कारण बताएं जिनके कारण आप भेदभाव के कारण होने वाली घटनाओं या आचरणों पर विश्वास करते हैं।

1. ऐसी किसी भी टिप्पणी का वर्णन करें, जिसमें आपको लगता है कि भेदभाव का प्रदर्शन किया गया था। यदि ऐसा है, तो उस बयान या टिप्पणी का वर्णन करें और इसमें निम्न शामिल करें: उस व्यक्ति का नाम जिसने ऐसा वक्तव्य दिया; टिप्पणी करने की तारीख (अनुमानित तारीख); उन सभी लोगों के नाम और पद जिन्होनें वह टिप्पणी सुनी।

2. उन सभी व्यक्तियों का नाम सूचीबद्ध करें जिनके बारे में आप मानते हैं कि उन परिस्थितियों में अलग तरह से व्यवहार किया गया था, जिसमें आपको लगता है कि उनके साथ भी आपके जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए था। प्रत्येक व्यक्ति के लिए, उसकी प्रासंगिक विशेषता को सूचीबद्ध करें (उदाहरण के लिए, यदि आपकी शिकायत में जातिगत भेदभाव का आरोप है तो प्रत्येक व्यक्ति की जाति की सूची बनाएं; यदि राष्ट्रीय मूल भेदभाव का आरोप लगाया है, प्रत्येक व्यक्ति की राष्ट्रीयता की सूची बनाएं)।

3. उन अन्य कारणों का वर्णन करें जो आप मानते हैं कि आपको जो नुकसान पहुंचा था वह उस भेदभाव के कारण था।

E. प्रदत्त स्पष्टीकरण – कारण का वर्णन करें, यदि कोई हो तो, प्रतिवादी (व्यापार या व्यक्ति जिस पर आपने मुकदमा दायर किया) द्वारा विवाद के समय पहुंचाई गई कोई चोट। समझाएं कि आपको क्यों लगता है कि कारण भेदभाव से बचने का एक बहाना (ढंकने का प्रयास) है।

F. भेदभाव के प्रकार – अगर आप भेदभाव के प्रकारों में से एक से अधिक प्रकार के बॉक्स पर चेक का निशान लगाते हैं तो सुनिश्चित करें कि आप अपने मामले में भेदभाव के हर प्रकार का वर्णन करते हैं।

***<u>अपनी शिकायत कैसे दर्ज करें</u>***

*आप अपनी शिकायत व्यक्तिगत रूप से, मेल से, फैक्सिमाइल (312/744-1088) से या cchrfilings@cityofchicago.org पर ईमेल करके) कर सकते हैं।* शिकायत तभी दर्ज समझी जाती है जब आयोग को प्राप्त होती है, हालांकि, यदि आप फैक्सिमाइल द्वारा शिकायत दर्ज करते हैं और शिकायत शाम 5:00 बजे बाद प्राप्त होती है या सप्ताहंत या अवकाश के दिन प्राप्त होती है, तो इसे अगले कार्य दिवस पर प्राप्त हुई मानी जाती है। इसके अतिरिक्त, फैक्सिमाइल या इलेक्ट्रॉनिक मेल द्वारा दर्ज करने के 7 दिनों के अंदर मूल शिकायत दर्ज करने में असफल होने पर आयोग को दर्ज शिकायत को रद्द करना होगा। आयोग शिकायतकर्ता को सूचित करेगा कि दस्तावेज़ को शिकायत के रूप में स्वीकार किया गया है या नहीं अथवा इसे प्राप्त करने के 10 दिनों के भीतर दोषपूर्ण शिकायत के रूप में खारिज किया गया है। अगर किसी शिकायतकर्ता को नोटिस प्राप्त नहीं होता है, *तो उसकी जिम्मेदारी है कि वह आयोग के साथ यह सत्यापित करें कि आयोग को दस्तावेज़ जमा करने की अवधि के भीतर दस्तावेज़ प्राप्त हुआ है।*

**मन में कोई प्रश्न है? 312/744-4111 (ध्वनि) या 312/744-1088 (TTY) पर कॉल करें।**

**शिकागो शहर**

**मानव संबंध आयोग**

**740 उ. सैजविक, सुइट 400, शिकागो, IL 60654**

**312/744-4111 (ध्वनि), 312/744-1081 (फ़ैक्स), 312/744-1088 (TDD)**

# *नमूना* शिकायत

| | |
|---|---|
| **शिकायतकर्ता का नाम**<br>***यहां अपना पूरा नाम*** | टेलीफ़ोन<br>***यहां अपना टेलीफ़ोन नंबर*** |
| सड़क का पता<br>***यहां अपना पता*** | शहर, राज्य, ज़िप कोड:<br>ईमेल-पता (वैकल्पिक): |
| **प्रतिवाद का नाम**<br>***प्रत्येक व्यापार, कंपनी और/या व्यक्तियों के नाम और टेलीफ़ोन नंबर को सूचीबद्ध करें, जिनके बारे में आप शिकायत कर रहे हैं*** | टेलीफ़ोन |
| सड़क का पता:<br>***यहां प्रत्येक प्रतिवादी के पते सूचीबद्ध करें - अगर प्रतिवादियों के अलग-अलग पते हैं, तो प्रत्येक का पता निर्दिष्ट करें*** | शहर, राज्य, ज़िप कोड: |

| **शिकायत का प्रकार:** | ❑ रोज़गार | ❑ आवास | ❑ सार्वजनिक आवास | ❑ क्रेडिट | ❑ संबंध |
|---|---|---|---|---|---|

**भेदभाव के आधार पर किए गए दावों पर चेक का निशान लगाएं**, और उपलब्ध कराए गए स्थान में अपनी स्थिति बताएं। उदाहरण के लिए, यदि आप राष्ट्रीय मूल भेदभाव का दावा करते हैं, तो अपने राष्ट्रीय मूल का वर्णन करें। यदि आयु का तो, अपनी आयु बताएं।

| | | |
|---|---|---|
| ❑ नस्ल | ❑ लिंग (यौन संबंधी) | ❑ विकलांगता |
| ❑ रंग | ❑ लैंगिक झुकाव | ❑ आयु (40 से ऊपर) |
| ❑ राष्ट्रीय मूल | ❑ लिंग पहचान | ❑ आय का स्रोत |
| ❑ वंशावली | ❑ वैवाहिक स्थिति | ❑ सैन्य स्थिति |
| ❑ धर्म | ❑ अभिभावकीय स्थिति | ❑ प्रतिशोध CCHR शिकायत दर्ज करने या कार्यवाही में भाग लेने के लिए |
| ❑ क्रेडिट इतिहास (केवल रोजगार) | ❑ आपराधिक रिकॉर्ड / इतिहास (केवल रोजगार) | |

| | |
|---|---|
| **कथित भेदभाव की तारीख**<br>महीना, दिन और वर्ष। *नवीनतम* घटना के लिए, यदि एक से अधिक बार है तो। | |

**कथित भेदभावपूर्ण आचरण।** कालानुक्रमिक क्रम में, आपके खिलाफ हुई प्रत्येक भेदभावपूर्ण कार्रवाई का वर्णन करें। अलग संख्याबद्ध पैराग्राफ़ों का उपयोग करें। प्रत्येक कार्यवाही के लिए, उस घटना की तारीख बताएं, जहां यह हुई, क्या हुआ, और उस व्यक्ति का नाम और शीर्षक जिसे यह किया था। आप अपने आरोपों को पूरा करने के लिए चार अतिरिक्त शीट्स जोड़ सकते हैं।

***कृपया इस नमूने से जुड़ी ड्राफ़्ट की गई शिकायतों की समीक्षा करें। आप आवश्यकता पड़ने पर चार अतिरिक्त शीट्स जोड़ सकते हैं।***

मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं या पुष्टि करता/करती हूं कि मैंने यह शिकायत पढ़ ली है और यह मेरे ज्ञान, सूचना और विश्वास के अनुसार सच्ची और सही है। मैं हर नामित प्रतिवादी को मानवीय संबंध आयोग द्वारा इस शिकायत में लगाए गए आरोपों से संबंधित किसी भी रिकॉर्ड या अन्य साक्ष्य को जारी करने की अनुमति देता/देती हूं, जिसमें आंतरिक जांच, व्यक्तिगत रिकॉर्ड और चिकित्सा रिकॉर्ड शामिल हैं लेकिन यह इन तक सीमित नहीं है। इस शिकायत में इस पृष्ठ सहित अन्य पृष्ठ शामिल हैं।

**शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर:** **हस्ताक्षर की तारीख** (महीना/दिन/वर्ष)